हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025

11 नई पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से जोड़ना उद्देश्य...



12 शहर में वृंदावन जैसा नजारा उमड़ा जनसैलाब...



## खबर संक्षेप

### रतिया में झाड़ियों से मिला युवक का शव

**रतिया।** शहर के फतेहाबाद रोड मंडी के पास झाड़ियों में मंगलवार सुबह युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इस बारे सूचना मिलते ही शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कुलदीप सिंह निवासी शिमलापुरी क्लोनी रतिया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कुलदीप सिंह मजदूरी का काम करता था।

### हेरोइन बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस की मल्लेकां पुलिस चौकी ने करीब पांच लाख रूपए की 49 ग्राम 70 मिलीग्राम हेरोइन बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर को भी मल्लेकां क्षेत्र काबू कर लिया है । इस संबंध में जानकारी देते हुए सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सप्लायर आरोपी की पहचान कुलदीप सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव मोहन वाले चुग, बेललकामल फाजिल्का पंजाब के रूप में हुई है ।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** दहेज उत्पीडऩ के एक मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सुरेश लांबा पुत्र संतराम लांबा निवासी शिवाजी कॉलोनी, आजाद नगर, हिसार के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच की गई थी।

### नशे की ओवरडोज से मौत मामले में दो काबू

**डबवाली।** पुलिस ने डबवाली कस्बे के गांव गंगा में नशे की ओवरडोज से हुई एक व्यक्ति की मौत मामले में दो आरोपियों को डबवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। मंगलवार शाम 5 बजे के दौरान गौरीवाला पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान बिट्टू व राजविंद्र के रूप में हुई है।

### कैबिनेट मंत्री श्रुति 31 को फतेहाबाद में

**फतेहाबाद।** जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 31 अक्टूबर को बाद दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र में आयोजित होगी। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश की महिला एवं बाल विकास एवं सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी करेगी। इस बैठक में कुल 15 परिवाद रखे जाएंगे। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक में 8 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 7 परिवाद नये रखे गए हैं।

### खेत में अवैध शराब निकालते युवक काबू

**फतेहाबाद।** अवैध शराब बनाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भुना पुलिस ने एक युवक को काबू किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 500 लीटर अवैध लाहन बरामद की है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम अपराध रोकथाम हेतु बस अड्डा लहरिया पर मौजूद थी। उसी दौरान मुखबिर खास ने सूचना दी कि राजेश कुमार पुत्र राम कुमार निवासी लहरिया अपने खेत में बने कोठे में लोहे के ड्रमों में अवैध लाहन डालकर शराब बनाने की तैयारी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। वहां एक व्यक्ति खेत में बने कोठे के पास खड़ा दिखाई दिया जिसे काबू कर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राजेश कुमार बताया।

## पराली को लेकर किसान बोले

# प्रबंधन के लिए नहीं मिल रहीं मशीनें जलाने पर प्रशासन लगा देता जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

जिले के खेतों में धान की कटाई का कार्य जोरों से चल रहा है। कई किसानों द्वारा धान कटाई कर ली गई है, लेकिन पराली प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनें उपलब्ध न होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए एक तरफ जहां सरकार ने पराली जलाने पर रोक लगा दी है वहीं खेतों में धान अवशेषों का निष्पादन मशीनों के जरिए करना अनिवार्य किया गया है। धान अवशेषों को आग लगाने पर सरकार द्वारा जुर्माना और कठोर कानूनी कार्रवाई का नियम बनाया गया हैं। इससे किसान परेशान हैं। उनका कहना है कि खेतों में फसल अवशेष जलाने पर सरकार किसानों पर जुर्माना लगाने पर आमादा है, जबकि सरकार उन्हें पराली खत्म करने के लिए मशीनें उपलब्ध ही नहीं करा रही है।



टोहाना। पराली प्रबंधन को लेकर रोष जताते किसान।

### मशीनें उपलब्ध न होने पर पराली जलाना मजबूरी

गांव दीवाना निवासी किसानों ने कहा कि वह अपने खेतों में पराली प्रबंधन के लिए पिछले कई दिनों से प्रशासन से मशीनें उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उन्हें मशीनें नहीं मिल रहीं है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही उन्हें पराली प्रबंधन के लिए मशीनें उपलब्ध न हुईं तो अगले बुवाई के मौसम के लिए उन्हें अपने खेतों को साफ करने के लिए फसल अवशेष जलाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कई छोटे और सीमांत किसान हैं, जो महंगी मशीनें नहीं खरीद सकते है। ऐसे में सरकार को इस महत्वपूर्ण मौसम के दौरान किसानों की सहायता के लिए गांव स्तर पर यह मशीनें उपलब्ध कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेलर और अन्य मशीनों की मौजूदा संख्या किसानों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है, जिससे अगली फसल की तैयारी में देरी हो रही है। किसानों ने प्रशासन से तुरंत पराली प्रबंधन के लिए मशीनें मुहैया करवाने की मांग की है।

### पराली को बनाया आमदनी का जरिया, कंपनी बनाकर चार सौ से ज्यादा लोगों को दिया रोजगार

*सिरसा। सिरसा जिले के प्रगतिशील किसानों ने पराली को आय व रोजगार सृजन का माध्यम बना लिया है। गांव पनिहारी निवासी किसान रणजीत सिंह दस लाख क्विंटल पराली का प्रबंधन कर चार सौ से अधिक लोगों को न केवल रोजगार दे रहे हैं बल्कि खुद की कंपनी भी खड़ी कर दी है, जिसका टर्नओवर 100 करोड़ से अधिक का है। रणजीत सिंह का मानना है कि पराली से रोजगार की अपार संभावनाएं है, बेशर्त सही दिशा में लगन से काम किया जाए। किसान रणजीत सिंह ने मंगलवार को बताया कि 2017 में पराली प्रबंधन का कार्य शुरू किया। सरकार की नीतियों व कृषि विभाग के सहयोग के चलते उन्होंने 2019 में एक बेलर खरीदा। इसके बाद वे लगातार पराली प्रबंधन को रोजगार से जोड़ते हुए काम कर रहे हैं। स्नातक पास रणजीत सिंह बताते है कि उन्होंने पराली से प्रोडक्ट बनाकर बेचने की सोच रखी थी। आरंभ में ही उन्हें इस कार्य में मुनाफा नजर आया, अब उनकी कंपनी सिरसा जिला के किसानों से लगातार पराली ले रही है। अब वे 10 हजार एकड़ की पराली का उठान करते हैं। धीरे-धीरे साल दर साल अपने काम को बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष अब तक वे ढाई लाख क्विंटल से ज्यादा पराली का प्रबंधन कर चुके हैं। रणजीत सिंह के अनुसार उनके पास 20 एकड़ जमीन है, 40 एकड़ धान की बुवाई के लिए ठेके पर लेते हैं तथा प्रतिवर्ष 30 एकड़ भूमि उन्हें पराली व पराली से बने प्रोडक्ट रखने के लिए अतिरिक्त रूप से चाहिए। इसलिए वे 30 एकड़ भूमि को ठेके पर लेते हैं। उन्होंने बताया कि पराली से तूड़ी बनाने का कार्य नहीं करते बल्कि पराली से अन्य प्रोडक्ट बना रहे है। रणजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने पराली व अन्य फसली अवशेष को मिलाकर पेलेट बनाने का काम शुरू कर रखा है। बड़ी मात्रा में पेलेट तैयार कर उन्हें पावर प्लांटों में भेजते हैं, जहां इनका प्रयोग इंधन के रूप होता है।*



प्रगतिशील किसान रणजीत सिंह।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में प्रोपर्टी हड़पने का आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# नप अधिकारियों के साथ मिलकर हड़पी प्रोपर्टी

## टोहाना पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के शहर टोहाना में नगर परिषद कर्मचारियों व अधिकारियों की मिलीभगत कर प्रोपर्टी हड़पने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संजय कुमार पुत्र इंदर सिंह निवासी सुलहेड़ा, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता मांगेराम पुत्र शयोरन सिंह निवासी गांव कन्हड़ी, टोहाना द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि उसकी पत्नी प्रेम पति के नाम दर्ज एक दुकान की प्रॉपर्टी, जो नगर परिषद टोहाना में वर्ष 2011-12 से दर्ज थी, को आरोपी संतोष पत्नी जोगीराम निवासी टोहाना ने नगर परिषद कर्मचारियों व अधिकारियों की मिलीभगत से जाली हस्ताक्षर और दस्तावेजों के माध्यम से अपने नाम करवाया था। मामले की जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि उक्त प्रॉपर्टी हड़पने की साजिश में कुछ नगर परिषद टोहाना के कर्मचारी और अधिकारी भी शामिल रहे हैं। जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आने के बाद थाना शहर टोहाना पुलिस ने विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए 11 सितम्बर को धारा 336(1), 338, 340(2), 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी संजय कुमार पुत्र इंदर सिंह निवासी सुलहेड़ा, जिला जींद को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# कार्यकारी अभियंता के रवैये से खफा ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने किया बातचीत का बॉयकाट, प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद।

जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता की हठधर्मिता और अड़ियल रवैये से खफा कर्मचारियों ने आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। जनस्वास्थ्य विभाग की तीनों संगठनों द्वारा बनाई गई ज्वाइंट एक्शन कमेटी के बैनर तले कर्मचारियों द्वारा 29 अक्टूबर को कार्यकारी अभियंता के खिलाफ मंडल कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी अधिकारी का रवैया नहीं बदला और कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया गया तो कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे। जनस्वास्थ्य विभाग ज्वाइंट एक्शन कमेटी से विनोद कुमार जांगड़ा, शमशेर सिंह कुण्डू, इन्द्र घासी, रामकरण, विनोद कुमार, राणा पंवार, ईश्वर बागड़ी आदि कर्मचारियों ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर विभाग के तीनों कर्मचारी संगठनों ने एकजुट होकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी बनाई है।



फतेहाबाद। कार्यकारी अभियंता के खिलाफ रोष जताते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिनिधिमंडल को दो टूक जवाब दिया

कार्यकारी अभियंता के लिखित बुलावे पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधि कार्यकारी अभियंता से बातचीत के लिए पहुंचा था लेकिन कार्यकारी अभियंता ने हठधर्मिता और अड़ियल रवैया अपनाते हुए प्रतिनिधिमंडल को दो टूक जवाब दिया कि वह कर्मचारियों की मांगों को नहीं मानेंगे, कर्मचारी हो सके, वह कर लें। अधिकारी के इस रवैये से खफा ज्वाइंट एक्शन कमेटी द्वारा बातचीत का बॉयकाट करके वापस लौट आए।

# महिला का अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल करने वाला गंगानगर से काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने महिला की अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल करने के मामले में एक युवक को राजस्थान के गंगानगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। महिला थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर दर्शन देवी ने मंगलवार को बताया कि पीड़ित महिला ने पुलिस में शिकायत दी थी कि आरोपी जुगल सिंह उर्फ राजवर्मा निवासी जिला गंगानगर (राजस्थान) ने उसे बातचीत के बहाने अपने झांसे में लेकर उसकी निजी वीडियो बनाई और फिर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहा था । पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो वायरल कर दी। महिला की शिकायत के आधार पर महिला थाना सिरसा में 26 अक्टूबर को अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



### पूछताछ जारी

जांच के दौरान महिला थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जुगल सिंह उर्फ राजवर्मा निवासीजिला गंगानगर (राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है, जिसमें अश्लील वीडियो और ग्रुप चैट मिले हैं। महिला थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले के गांव फरमाई कलां क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को लाखों रुपए की 20 ग्राम 60 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान त्रिलोक सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी ढाणी जगतार सिंह गांव फरमाई कलां व सुनील कुमार पुत्र रामकुमार निवासी गांव फरमाई कलां जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस की एक टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव फरमाई कलां की तरफ जा रही थी। पुलिस ने शक के आधार पर उक्त मोटरसाइकिल सवार दोनों युवकों को काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे 20 ग्राम 60 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई।

# चौटाला डिस्ट्रीब्यूटरी मोघा विवाद समाप्त

हरिभूमि न्यूज:डबवाली

डबवाली क्षेत्र के गांव चौटाला डिस्ट्रीब्यूटरी के अंतर्गत आने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का मोघे छोटे करने को लेकर कई दिनों से चल रहा धरना डबवाली भाजपा अध्यक्ष रेणु शर्मा ने मंगलवार को समाप्त करवा दिया है। रेणु शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से उन्हें किसानों के धरने के संबंध में पता चला। जिस पर उन्होंने किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए सीएम के समक्ष यह समस्या रखी। सीएम ने भी किसानों की मांग को जायज ठहराते हुए तुरंत आदेश दिए कि चौटाला नहर के मोघों का साइज पूर्व की भांति किया जाए और टेल तक भी पानी पहुंचाया जाए।



### 16 किलोग्राम चूरापोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए गांव च_I क्षेत्र से एक व्यक्ति को 16 किलो 70 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर की पहचान तरसेम सिंह निवासी जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। दौरान एएनसी प्रभारी डबवाली सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव चट्ठा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पंजाब बॉर्डर से करीब एक किलोमीटर पहले एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा था। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया और उसके कब्जे से 16 किलो 70 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने







फतेहाबाद। शिक्षण संस्थानों के बाहर छात्राओं को जागरूक करती महिला पुलिस टीम।

# महिला सुरक्षा टीम ने स्कूल-कॉलेजों के बाहर मनचलों पर की कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- एम.एम. कॉलेज, आईटीआई भिरड़ाना तथा झलनिया सरकारी कॉलेज के बाहर निगरानी अभियान चलाया

महिला सुरक्षा को लेकर फतेहाबाद पुलिस द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला सुरक्षा टीम प्रभारी निरीक्षक मंजू सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा एम.एम. कॉलेज फतेहाबाद, आईटीआई भिरड़ाना तथा झलनिया सरकारी कॉलेज के बाहर निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। महिला सुरक्षा टीम ने बताया कि स्कूल और कॉलेजों के बाहर आने-जाने के समय पर पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से छात्राओं में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। टीम द्वारा कॉलेज गेट, बस स्टैंड, मार्केट तथा हॉटस्पॉट स्थानों पर चेकिंग की जा रही है। इस दौरान मनचलों और हुड़दंगबाजों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की छेड़छाड़ या अशोभनीय हरकत की संभावना को जड़ से खत्म किया जा सके। निरीक्षक मंजू सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के लिए लगातार फ्लाइंग पेट्रोलिंग की जा रही है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की परेशानी या असुरक्षा महसूस होने पर तुरंत डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1091, या नजदीकी थाना में संपर्क करें।

## दौरा | फतेहाबाद पहुंची सांसद सैलजा, अनाज मंडी में खरीद कार्यों का किया निरीक्षण

# चिल्ली के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों खर्च पर सांसद नाराज डीसी से पूछा : 13 करोड़ कहां हुए खर्च, जांच करवाओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा मंगलवार को फतेहाबाद दौरे पर रही। उन्होंने पहले अनाज मंडी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उसके बाद अनाज मण्डी में धान खरीद कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने आढ़तियों, मजदूरों, ठेकेदारों की समस्याएं सुनी और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में फसल खरीद, उठान, लदान के कार्यों में कोताही नहीं बरती जाए। इसके बाद सांसद सैलजा डीपीआरसी हॉल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की मीटिंग में पहुंची। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। चिल्ली झील के सौंदर्यकरण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने पर सांसद ने डीसी को पेपर दिखाते हुए कहा कि यहां 13 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इसकी जांच करवाई जाए। सैलजा ने कहा कि दुनिया को दिखा रहे हैं कि गोरखपुर में अणु विद्युत परियोजना का प्लांट लगा रहे है और गांव को पूरी बिजली नहीं मिल रही। यह ठीक नहीं है, इसको सुधारिए। कांग्रेस जिला कार्यालय में पहुंची सांसद सैलजा का जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा, टोहाना के विधायक परमवीर सिंह, फतेहाबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।






फतेहाबाद। अनाज मण्डी में फसल खरीद कार्य का निरीक्षण करती तथा निगरानी समिति की बैठक में जन शिकायतें सुनती सांसद कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

### प्रदेश की सरकार पूरी तरह फेल

पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी से फेल साबित हुई है। सरकार ने आंख और कान बंद कर रखे है वह न कुछ देख रही है और न ही कुछ सुन रही है। जनता अपने हकों के लिए चीख पुकार मचा रही है। कर्मचारी मांगों को लेकर सडक़ों पर है। अनाजमंडी में किसान सिर पकडक़र बैठा हुआ है। धान और बाजरे का कोई रेट नहीं है, मूंगफली उत्पादक किसान भटक रहा है। मंडी में सबसे ज्यादा परेशान मजबूर है क्योंकि धान सीधा राइस मिल में जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां पर जलभराव हुआ था वहां से अभी तक जल निकासी नहीं हुई है जिस कारण बीमारियां फैल रही है। सांसद ने कहा कि नशा रोकने में सरकार नाकाम रही है, सिरसा और फतेहाबाद जिला नशे से ज्यादा प्रभावित है, युवाओं की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने रोजगार दिया होता तो युवा नशे की ओर कदम न बढ़ाता। सरकार को इस दिशा में सख्त कदम उठाना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांग्रेसी नेता जयपाल लाली, बलजिन्द्र ठरवीं टोहाना, मंगतराम लालवास, व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू, वरिष्ठ उपप्रधान राम निवास शर्मा, अग्रवाल समाज से प्रधान प्रयास गर्ग, राम निवास गर्ग, सतबीर भूथन, पार्षद मोहनलाल, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान विनय शर्मा, एडवोकेट सीताराम बैनीवाल, नवनीत गोदारा, कल्याण सिंह भादू, ब्लॉक समिति के चेयरमैन ज्योति लूणा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# 30 साल बाद फिर सिनेमाघरों में दस्तक देगी 'रंगीला'

**मुंबई।** आमिर खान, उर्मिला मातोंडकर और जैकी श्रॉफ स्टारर सुपरहिट फिल्म 'रंगीला' एक बार फिर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अपनी रिलीज के ठीक 30 साल बाद रंगीला सिनेमाघरों में वापसी कर रही है। इस बार दर्शक इस फिल्म को नए 4के एचडी रीस्टोर्ड वर्जन में देखे सकेंगे। रामगोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित रंगीला 28 नवंबर को सिनेमाघरों में री-रिलीज होगी। रंगीला साल 1995 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। एआर रहमान के संगीत से सजी इस फिल्म में शहरी महत्वाकांक्षाओं और सपनों को दिखाया गया था। फिल्म की कहानी उस वक्त काफी पसंद की गई थी और रंगीला बॉक्स ऑफिस पर भी सफल रही थी।

लाइफ Style


# सोनम

## बॉलीवुड डेब्यू के लिए बेलने पड़े खूब पापड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनम बाजवा पंजाबी इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं। इन दिनों उन्हें फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' में देखा जा रहा है। पंजाबी इंडस्ट्री में अच्छा-खासा काम कर चुकीं सोनम को बॉलीवुड में आने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ा। इस बारे में बात कर उनका दर्द छलक आया।

अभिनेत्री सोनम बाजवा ने दावा किया कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को पंजाब फिल्म इंडस्ट्री में उनके काम के बारे में पता नहीं था। बॉलीवुड के लोगों को वे सिर्फ सिनेमा के लिए एक ग्लैमरस फेस लगीं। एक इंटरव्यू में सोनम ने बताया कि पंजाबी सिनेमा में अलग-अलग तरह की फिल्में करने के बावजूद हिंदी फिल्ममेकर्स को उन्हें उनकी ग्लैमरस इमेज से हटकर देखना मुश्किल लगता था। इसके चलते सोनम को बॉलीवुड डेब्यू से पहले लंबा इंतजार करना पड़ा। सोनम बाजवा ने कहा, 'मैंने इतने वर्षों तक इंतजार किया, ताकि मुझे एक ऐसी हिंदी फिल्म मिले, जिसमें मेरे पास कुछ करने को हो। एक एक्टर के तौर पर भी, न कि सिर्फ इसलिए कि मैं अच्छी दिखती हूं या ग्लैमरस हूं। जब भी मेरे पास ऑफर आते थे, तो हमेशा ऐसा लगता था कि हिंदी सिनेमा में लोगों ने मेरा पंजाबी काम सच में देखा ही नहीं है। इसलिए, उनके लिए मुझे एक नॉन-ग्लैमरस रोल में सोचना भी मुश्किल था'। सोनम बाजवा ने बॉलीवुड फिल्ममेकर्स के बीच लगातार हो रही टाइपकास्टिंग पर नाराजगी जताई, जिससे हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें परफॉर्मेंस वाले रोल मिलने के मौके कम हो गए हैं।



हॉलीवुड मसाला



# नए लुक में 22 साल के दिख रहे

**लॉस एंजिल्स।** जस्टिन बीबर इन दिनों अपने लुक से चर्चा बटोर रहे हैं। वो सैन डिएगो में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ थे। वो डिजॉन के गानों पर झूम रहे थे। उनके क्लीन शेव लुक पर फैंस मर मिटे हैं। फैंस कह रहे हैं कि वो 22 साल के जवान लग रहे हैं। पॉप आइकन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपने लुक से सभी का ध्यान खींचा है। वो सैन डिएगो में डिजॉन के कॉन्सर्ट में अपनी वाइफ हैली बीबर के साथ झूम रहे थे। उनके नए लुक से फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।



# ए क्रिसमस केरोल से की कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने कॅरियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया।



# शाहरुख से मिलना चाहते हैं एनरिक

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध पॉप स्टार एनरिक इग्लेसियस 21 साल बाद मुंबई में वापसी कर रहे हैं। वह 29 और 30 अक्तूबर को बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड्स में कॉन्सर्ट करेंगे। यह वही जगह है जहां उन्होंने 2004 में आखिरी बार प्रदर्शन किया था। उनके प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एनरिक, जो बॉलीवुड के बड़े प्रशंसक हैं, इस दौरान शाहरुख खान, गौरी खान और उनके बच्चों-आर्यन, सुहाना और अबराम से मिलने की योजना बना रहे हैं। यह उनकी तीसरी भारत यात्रा है। वे मुंबई की संस्कृति और आध्यात्मिकता को करीब से जानना चाहते हैं। इसके लिए वे कोलाबा कॉजवे, सिद्धिविनायक मंदिर और गांधी संग्रहालय भी जाएंगे। पहले शो के टिकट कुछ ही घंटों में बिक गए हैं, जिसके बाद दूसरा शो भी जोड़ा गया।



# पूरी फीस कैंसर पीड़ित बच्चों को किया दान

**मुंबई।** विवेक ओबेरॉय इन दिनों अपनी कई आगामी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। जिनमें नमित मल्होत्रा की 'रामायण', प्रभास के साथ 'स्पिरिट' और फिल्म 'मस्ती 4' शामिल है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित फिल्म 'रामायण' में विवेक रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाएंगे। विवेक ओबेरॉय ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैंने निर्माता नमित मल्होत्रा से कहा कि मुझे विभीषण की भूमिका के लिए एक पैसा नहीं चाहिए। पूरी फीस मैं कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए दान करूंगा। मुझे उनका काम पसंद है और यह फिल्म भारतीय सिनेमा को दुनिया में चमकाएगी। पहली भाग की एडिटिंग पूरी हो गई। शूटिंग जून 2025 में खत्म हुई। अब वीएफएक्स पर 300 दिन काम होगा। पोस्ट-प्रोडक्शन चल रहा है।' विवेक ने फिल्म को लेकर आगे कहा, ''रामायण' एक ऐतिहासिक फिल्म है।

टीवी मसाला



# बाहर आते ही बसीर ने तान्या के गेम को किया एक्सपोज

**नई दिल्ली।** बसीर अली ने शो से बाहर आते ही चुप्पी तोड़ दी है। बाहर निकलते ही उन्होंने एक बातचीत में कई चौंकाने वाले बयान दिए और शो की सच्चाई सामने रखी। उनका कहना है कि घर के अंदर सब कुछ उतना रियल नहीं था, जितना दिखाया गया। एविक्शन पर बात करते हुए बसीर कहते हैं कि वह खुद भी इस नतीजे से शॉक में थे। 'मुझे अब तक यकीन नहीं होता कि मैं एविक्ट हो गया। मुझे नहीं लगता कि ऑडियंस ने मुझे कम वोट दिए। मैंने हमेशा ऑडियंस के लिए सच्चाई से खेला। लेकिन, कई बार रियलिटी शो में रियलिटी पीछे रह जाती है और नैरेटिव जीत जाता है। शायद मेरे साथ भी वही हुआ। मेकर्स का फैसला था। उनके निर्णय को कोई मना नहीं कर सकता, लेकिन दिल में सवाल जरूर हैं। तान्या के गेम पर खुलकर बोलते हुए बसीर ने कहा, 'तान्या बहुत चालाक खिलाड़ी है। वो हर पल सोचती है कि क्या बोलना है, कब रोना है, कब भावुक होना है। उसकी हर हरकत कैमरे के लिए होती है। वो चाहती है कि लोग उसे स्ट्रॉन्ग और इमोशनल समझें, लेकिन असल में वो वैसी नहीं है। घर के अंदर वो ड्रामा करती है, ताकि लोगों को उसकी सहानुभूति मिले। सच्चाई ये है कि तान्या सबसे बड़ी फेक इंसान है। वो अच्छी परफॉर्मर है, लेकिन ईमानदार नहीं। तान्या घर की सबसे बड़ी मैनिपुलेटर है।'बसीर कहते हैं कि आज की दुनिया में सच्चाई को कमजोरी समझा जाता है। 'मुझे हमेशा कहा गया कि थोड़ा डिप्लोमैटिक बनो, लेकिन मैं वैसा नहीं हूं। मैंने जो महसूस किया, वही कहा।

## फिर आया अभिरा -अरमान की जिंदगी में तूफान

**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में एक लंबे वक्त के बाद अभिरा और अरमान की जिंदगी में मुश्किलों का दौर खत्म हुआ। लेकिन ,अचानक एक बड़ा तूफान इनकी जिंदगी में आ गया है। एक फेक एआई वीडियो अभिरा और अरमान का वायरल हो रहा है। अभिरा और अरमान के परिवार को एक अश्लील वायरल वीडियो के बारे में पता चलता है। इस वजह से परिवार में हंगामा हो जाता है। इस बात से अरमान और अभिरा भी परेशान हैं। अरमान को समझ नहीं आ रहा है ये क्या हो रहा है? लेकिन अभिरा जल्द ही समझ जाती है कि यह फेक एआई वीडियो है। अरमान इस वीडियो को इंटरनेट से हटाने की कोशिश में लगा है। अरमान और अभिरा का फेक एआई वीडियो बनाने के पीछे कुछ लड़कों का हाथ है। दरअसल, कुछ दिन पहले अरमान और अभिरा डेट पर गए थे। जहां कुछ बिगड़ैल लड़कों से उनकी तू-तू, मैं-मैं होती है।



# नीसा और ओरी ने रीक्रिएट किया 29 साल पुराना फोटोशूट

**मुंबई।** सिनेमा की दुनिया में रिक्रिएशन बड़ी शै है। पुराने गाने रिक्रिएट होते हैं। फिल्मों में सीन रिक्रिएट होते हैं। अब रिक्रिएशन का नया प्रयोग हाल ही में नीसा देवगन और ओरी ने किया है। नीसा ने ओरी के साथ मिलकर अपनी मां काजोल के करीब 29 साल पुराने बोल्ड फोटोशूट को रिक्रिएट किया है। जिन्हें नहीं मालूम उन्हें बता दें कि साल 1996 में काजोल और दिग्गज अभिनेत्री रेखा ने एक मैगजीन के लिए बेहद बोल्ड फोटोशूट कराया था। इस पर जमकर बवाल हुआ था। उसी फोटोशूट को अब ओरी और नीसा ने रिक्रिएट किया है। ओरी और नीसा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया है। नीसा जहां काजोल की जगह पोज देती दिख रही हैं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए हैं। ओरी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से रिक्रिएशन की वीडियो भी शेयर की है। ओरी कहते दिख रहे हैं, 'हम अपने पसंदीदा लोगों से इंस्पायर्ड एक मजेदार हैलोवीन शूट कर रहे हैं। नीसा ने जवाब दिया, 'मेरी पसंदीदा मेरी मां (काजोल) हैं''। वहीं, ओरी ने कहा, 'और मेरी पसंदीदा हैं द मदर (रेखा)'। नीसा और ओरी ने वह पोज भी दिया है, जिस पर सबसे ज्यादा हंगामा मचा था। दरअसल, मैगजीन के लिए कराए गए फोटोशूट में रेखा और काजोल ने काफी बोल्ड पोज देकर तहलका मचा दिया था। दोनों के एक पोज पर तो इतना हंगामा मचा कि दोनों के खिलाफ भारतीय संस्कृति के साथ खिलवाड़ के आरोप लगे। व्हाइट कलर के एक ही स्वेटर में दोनों अदाकाराओं ने पोज दिए थे।



# लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना : यामी गौतम

**मुंबई।** शांत और दृढ़ विश्वास वाले किरदारों को निभाने के लिए मशहूर अभिनेत्री यामी गौतम, अपनी अगली बड़ी रिलीज, 'हक' के लिए तैयार हैं। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी भी हैं। ऐतिहासिक शाह बानो मामले से प्रेरित यह फिल्म न्याय, पहचान और आस्था के विषयों पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यामी गौतम से पूछा गया कि हाल के वर्षों में उन्होंने जिस तरह की फिल्में चुनी हैं, उनके कारण उन्हें अक्सर 'राष्ट्रवादी' कहा जाता है। इस पर उनका क्या कहना है? इस पर अभिनेत्री ने हंस कर इस लेबल को खारिज कर दिया। राष्ट्रवादी का टैग दिए जाने के बारे में पूछे जाने पर यामी ने कहा, 'लेबल है, मुझे पता भी नहीं है। अगर है तो लोगों का काम है कुछ न कुछ कहना।' उन्होंने कहा, 'ये नहीं तो कुछ और लेबल, फिर कुछ और, फिर कुछ और। पहले कुछ और था। पहले कुछ अंडररेटेड लेबल था। उससे पहले कुछ और था। यह बदलता रहता है। मैं वो सब नहीं जानती हूं।' यामी गौतम ने बताया कि फिल्म 'हक' उनके लिए सिर्फ एक कोर्टरूम ड्रामा नहीं था। यामी ने कहा, 'यह विषय सार्वजनिक जीवन में रहा है। मैं हमेशा सोचती हूं कि शाजिया जैसी महिला को किस तरह की ताकत और साहस की जरूरत रही होगी। अगर मुझे ऐसी महिलाओं की कहानी कहने के मौके मिलते हैं, तो मैं जरूर कहूंगी।'



## रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा

# ओटीटी पर इस हफ्ते दस्तक देंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के लिए मनोरंजन का जबरदस्त धमाका होने जा रहा है। अलग-अलग शैलियों की कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज रिलीज होने वाली हैं, जिनमें रहस्य, डर, फैंटेसी और एक्शन सब कुछ देखने को मिलेगा। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और एप्पल टीवी जैसे प्लेटफॉर्म्स पर दर्शकों को इस हफ्ते भरपूर कंटेंट मिलने वाला है।*



**कांतारा चैप्टर 1 :** कन्नड़ फिल्म 'कांतारा'ने पिछले साल सिनेमा जगत में नई पहचान बनाई थी और अब इसका प्रीक्वल 'कांतारा चैप्टर 1' डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने जा रहा है। निर्देशक और अभिनेता ऋषभ शेट्टी इस फिल्म में दो अलग-अलग किरदार निभा रहे हैं। कहानी पुराने कालखंड में स्थापित है, जहां 'बूता कोला' परंपरा की जड़ों को दिखाया गया है। इस फिल्म में जयाराम, रुक्मिणी वसंत और गुलशन देवैया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 31 अक्टूबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**लोका चैप्टर 1 :** निर्देशक डॉमिनिक अरुण की मलयालम फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1: चंद्रा' इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन मुख्य भूमिका निभा रही हैं। कहानी एक रहस्यमयी महिला 'चंद्रा' की है, जो स्वीडन से भारत लौटती है और बेंगलुरु में हो रहे मानव तस्करी के नेटवर्क के खिलाफ लड़ाई छेड़ देती है। महिला सुपरहीरो पर आधारित यह फिल्म मलयालम सिनेमा में एक नया अध्याय खोलती है। फिल्म 31 अक्टूबर को जियोहॉटस्टार पर उपलब्ध होगी।






**इट: वेलकम टू डेरी :** दुनियाभर में मशहूर हॉरर कहानी 'इट'की नई किस्त 'इट: वेलकम टू डेरी' 27 अक्टूबर से जियोहॉटस्टार पर देखने को मिल रही है। यह कहानी 1962 के दशक के उस शहर की है, जहां एक बार फिर जोकर 'पेनीवाइज' का खौफ लौट आता है। डर और रहस्य से भरी इस सीरीज में दर्शकों को पुराने समय की पृष्ठभूमि के साथ हॉरर का गहरा अनुभव मिलेगा।

**हेड्डा :** अमेजन प्राइम वीडियो पर 'हेड्डा' नाम की एक दमदार ड्रामा फिल्म 29 अक्टूबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो सामाजिक बंधनों और निजी इच्छाओं के बीच संघर्ष करती है। इसमें कलाकारों का अभिनय और गहराई से लिखा गया डायलॉग फिल्म को खास बनाता है।

**डाउन सिमेट्री रोड :** ब्रिटिश रहस्य और अपराध पर आधारित सीरीज 'डाउन सिमेट्री रोड' 29 अक्टूबर को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में दो महिलाएं एक लापता लड़की की तलाश में निकलती हैं और इस खोज के दौरान एक बड़े रहस्य से पर्दा उठता है।

**द विचर सीजन 4 :** लोकप्रिय फैंटेसी सीरीज 'द विचर'का चौथा सीजन 30 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगा। इस बार मुख्य किरदार 'गेराल्ट' के रूप में नया चेहरा नजर आएगा। कहानी में युद्धग्रस्त दुनिया, जादू और राजनीतिक साजिशों के बीच येनिफर और सिरी की जुदाई इस सीजन का मुख्य केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकारण द्वारा न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बिल्कुल संक्षिप्त व साधारण है, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से केस का निपटारा किया जाता है।

### श्री श्याम बगीची धाम में कार्यक्रम 1 नवंबर से

**सिरसा।** श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय श्री श्याम जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि आगामी एक नवंबर को शाम 6 बजे मेहंदी की रस्म अदा की जाएगी, जिसमें सभी बहनें श्याम नाम की मेहंदी अपने हाथों पर रचाएंगी। वहीं रात्रि 12 बजे बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल केक काटा जाएगा व भव्य आतिशबाजी कर बाबा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि मंत्री अनिल विज की अध्यक्षता में 31 अक्टूबर को स्थानीय पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री अनिल विज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 17 शिकायतों को सुनेंगे। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे संबंधित शिकायत की रिपोर्ट सहित बैठक में समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### छात्रा को ले जाने वाले युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** नाबालिग लडक़ी को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में भूना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान नरेंद्र उर्फ रमलू पुत्र श्रीराम निवासी वार्ड नं. 2, भुना के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि प्रार्थी ने थाना भुना में एक लिखित शिकायत दी थी कि उसकी दोहती 7 अक्टूबर को को सुबह सरकारी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, जो ना तो स्कूल पहुंची और ना ही घर लौटी।

### तेज रफ्तार कार से टक्कर मारने वाला आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** सडक़ हादसे के एक मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विष्णु पुत्र संदीप कुमार निवासी भुना के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि प्रार्थी मुकेश कुमार पुत्र गुरदयाल सिंह निवासी वार्ड नंबर 1, भुना ने पुलिस को बयान दिया कि 11 अक्टूबर को उसके पिता गुरदयाल सिंह बाजार से कुछ सामान लेने के लिए बेटे की ईवी स्कूटी लेकर निकले थे। शाम करीब 6 बजे कार के चालक ने गाड़ी को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाकर उनके पिता की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी।

### श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा नामदेवजी का प्रकाशोत्सव

**सिरसा।** शिरोमणि भगत नामदेव जी का 755वां प्रकाशोत्सव आगामी 2 दिसंबर को धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। कमेटी के प्रवक्ता जसवीर सोनी ने बताया कि कालांवाली रोड पर स्थित एकता नगर में भगत बाबा नामदेव भवन ओढ़ा में आगामी 31 अक्टूबर को सुबह 9.15 बजे श्री अखंड पाठ प्रकाश किया जाएगा और आगामी 2 नवंबर दिन रविवार को 9.15 बजे भोग डाला जाएगा व उसके बाद अटूट लंगर लगाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि बाबा नामदेव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर कमेटी सदस्यों ने भवन के चारों ओर सफाई करनी शुरू कर दी है।

## 'जल संगम से जन संगम' अभियान में एमएम कॉलेज ने की भागीदारी

# नई पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों से जोड़ना मुख्य उद्देश्य : राजीव बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी उत्सव के तहत 'जल संगम से जन संगम' अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य देश की एकता का संदेश देना और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है। इस अभियान के तहत मनोहर मैमोरियल कॉलेज फतेहाबाद एवं चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के एनएसएस वॉलंटियर्स द्वारा घग्घर नदी से जल संग्रह किया गया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग से टीम इंचार्ज डॉ. अन्नु के नेतृत्व में यमुना का जल लेकर पहुंची, जिसे घग्घर में प्रवाहित किया गया वहीं यहां से जल संग्रह किया गया। इस टीम में शारीरिक शिक्षा लैक्चरर इरिक के अलावा दिल्ली के छात्र ममता यादव, चित्रा, अभिषेक व ललित शामिल रहे। एमएम एजुकेशन सोसायटी के प्रधान राजीव बत्रा ने एनएसएस वॉलंटियर्स का शुभकामनाएं दीं।



फतेहाबाद। 'जल संगम से जन संगम' अभियान में भागीदारी करते एमएम कॉलेज के वॉलंटियर्स। फोटो : हरिभूमि

### 31 को जल अभिषेक समारोह का होगा आयोजन

यह कार्यक्रम एमएम कॉलेज एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. विकेश सेठी, सीडीएलयू सिरसा से एनएसएस प्रोग्राम कोर्डिनेटर डॉ. रोहताश, एमएम कॉलेज से प्रो. श्रुति मोंगा व आईक्यूएसी कोर्डिनेटर डॉ. विजय गोयल के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें एनएसएस वॉलंटियर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एमएम एजुकेशन सोसायटी प्रधान राजीव बत्रा व कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विचार से प्रेरित होकर दिल्ली सरकार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी अभियान मनाने का निर्णय लिया है। जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विचार को सशक्त बनाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अमृत काल में नई पीढ़ी को सरदार पटेल के एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता के आदर्शों से जोड़ना है। प्राचार्य ने बताया कि देशभर के पवित्र नदियों से जल इकट्ठा कर दिल्ली ले जाया जाएगा, वहां 31 अक्टूबर को पटेल चौक पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर जल अभिषेक समारोह आयोजित होगा। ये इस अभियान का समापन दिवस होगा। एमएम कॉलेज के वॉलंटियर्स ने भी इस अभियान में अपनी भागीदारी की है।

### रन ऑफ यूनिटी के आयोजन में होगी 30 हजार लोगों की भागीदारी, सीएम लेंगे भाग

**फतेहाबाद।** आगामी 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर राज्य सरकार की ओर से फतेहाबाद में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसी श्रृंखला में 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे स्थानीय पंचायत भवन से एमएम कॉलेज तक रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। अंबाला रेंज के आईजी पंकज नैन की अध्यक्षता में वीसी द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय के वीसी सभागार में जिला अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।

बैठक में आईजी पंकज नैन ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों सहित करीब 30 हजार युवाओं एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस मैराथन के सफल आयोजन के लिए सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं की ओर से ज्यादा से ज्यादा संख्या में वॉलिंटियर तैनात किए जाएं ताकि रास्ते में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक लेते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी से संबंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाए, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पुलिस, खेल विभाग, पंचायत राज, शिक्षा विभाग, माई भारत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक प्रभावी कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय एकता के प्रतीक इस कार्यक्रम में राष्ट्र ध्वज की गरिमा का भी ख्याल रखा जाए।



## खेतों में पानी निकासी को लेकर किए इंतजाम नाकाफी : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- गेहूं बिजाई से पहले मुआवजा दे और बीमा कंपनियों पर लगाम को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

जलभराव से हुए फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा, फसल बीमा कम्पनियों पर लगाम कसने, नरमा-पास, मुंगफली की खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित करने, शैलरों की मनमानी व धान खरीद पर रोक लगाकर मंडियों के माध्यम से सुचारू खरीद करने व खाद-बीज दिलवाने की मांग को लेकर मंगलवार को फतेहाबाद में अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर किसानों ने लघु सचिवालय पहुंचकर रोष जताया। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने नायब तहसीलदार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर किसान सभा के सचिव राजेन्द्र प्रसाद, किसान नेता जगतार सिंह, सुभाष भादू, ओमप्रकाश, हरी सिंह, चन्द्रमोहन, हंसराज, शिव कुमार सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों को संबोधित करते हुए विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि किसान सभा द्वारा इन मांगों को लेकर 10 अक्टूबर को भी ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद अभी तक किसानों को कोई राहत नहीं मिली है। आज भी जिले में बड़ा हिस्सा सेम व जलभराव से प्रभावित है। पानी निकासी को लेकर किए गए इंतजाम नाकाफी है। ऐसे में इन खेतों में गेहूं की बिजाई नहीं हो पाएगी। भूना के गोरखपुर से भट्टूकलां तक के ज्यादातर इलाके में कपास, मूंगफली, धान, ग्वार बोया हुआ था जोकि सेम व बरसात के कारण बर्बाद हो गया है। जो थोड़ी बहुत फसल बची है, उसका भी मण्डियों में सही भाव न मिलने के कारण किसान लगातार कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि आज किसानों की हालत यह हो चुकी है उन्हें अगली फसल की बिजाई करने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

## डीएवी पुलिस स्कूल में एनएसएस स्वयंसेवकों को दिया सुरक्षा और कानून संबंधी उपयोगी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को कानून और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देने हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मंजू रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के विरुद्ध अपराध, ड्रग्स से होने वाले दुष्प्रभाव, साइबर सुरक्षा, नए तीन कानून, यातायात नियम, टोल फ्री नंबर 112 एवं ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इंस्पेक्टर मंजू ने कहा कि कानून की जानकारी हर नागरिक की पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि ड्रग्स न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य नष्ट करता है, बल्कि उसके उज्जवल भविष्य को भी अंधकारमय बना देता है। उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने और अपने मित्रों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। साइबर अपराधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में सतर्कता ही सुरक्षा है। विद्यार्थियों को अनजान लिंक, फेक आईडी, या संदिग्ध मैसेज से बचने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही उन्होंने तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रमुख बिंदुओं को सरल भाषा में समझाया।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में इंस्पेक्टर मंजु को सम्मानित करते हुए।

### यातायात नियमों के पालन पर दिया जोर

इंस्पेक्टर मंजू ने यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जीवन रक्षा का सबसे सशक्त उपाय है। उन्होंने विद्यार्थियों को आपातकालीन टोल फ्री नंबर 112 और ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रणाली विशेष रूप से महिलाओं और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक है। विद्यालय के एनएसएस इकाई के कार्यक्रम संयोजक राम बिलास शास्त्री व प्रदीप कादियान ने इंस्पेक्टर मंजू का स्वागत किया। स्वयंसेवकों ने इंस्पेक्टर मंजू को पौधा भेंट करते हुए उनसे प्रश्न पूछे और सम्बंधित विषयों की जानकारियां ली।

## नेशनल गेम्स के लिए नहीं जा सकी अंडर-14 ताइक्वांडो टीम

**सिरसा।** अंडर-14 की ताइक्वांडो टीम के खिलाड़ी मंगलवार से आगामी 30 अक्टूबर तक होने वाली नेशनल स्कूल गेम्स में प्रतिभागिता में नहीं भाग ले पाए। ताईक्वांडो खिलाड़ी प्रीति कंबोज, आयुष सैनी, नमिश, अनंत चौहान, प्रियांशु, नमन कुमार, अनिरूद्ध, गीतांशु, ईश्वर गुर्जर ने संयुक्त रूप से बताया कि सरकार की ओर से अधिकारी ने एक महीने से फाईल ही पास नहीं की। अधिकारियों से बीते 26 सितंबर से अंडर-14 ताईक्वांडो की फाईल जो नेशनल स्कूल गेम्स के लिए चलाई गयी थी, वो फाईल हरियाणा सरकार के अधिकारियों ने पास ही रही। अधिकारी दिवाली की छुट्टियों में इतने व्यस्त हो गए की उन्हें इस बात का भी ध्यान नहीं रहा कि कोई टीम नेशनल खेलने भी जाएगी।

## न्यूज डायरी

### प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में जैन स्कूल अव्वल





**सिरसा।** भारत विकास परिषद शाखा सिरसा द्वारा मंगलवार को भारत को जानो प्रतियोगिता करवाई। प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान सेठ सागरमल सुराना जैन गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, द्वितीय स्थान जीआरजी नेशनल गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल, तृतीय स्थान सेंट जेवियर सीनियर सैकेंडरी स्कूल को मिला। वहीं, वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान स्वामी विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल, अरनियांवाली, द्वितीय स्थान शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल, तृतीय स्थान सेंट जेवियर सीनियर सैकेंडरी स्कूल को मिला। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, वहीं विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### लाडो लक्ष्मी योजना के पंजीकरण के लिए लगेगा शिविर

**फतेहाबाद।** भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को लाभ देने के उद्देश्य से 29 और 30 अक्टूबर को नगर परिषद के मीटिंग हॉल में दो दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार 29 व 30 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे से शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाभार्थियों का पंजीकरण किया जाएगा तथा दूसरे चरण की प्रक्रिया पूरी करवाई जाएगी। पात्र महिलाओं से आह्वान किया कि अपने जरूरी दस्तावेज लेकर इस कैम्प में पहुंचे और अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर योजना का लाभ पाएं। लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ लेने के लिए आयु पात्रता 23 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

### संसद प्रतियोगिता में नथोर राजकीय स्कूल ने मारी बाजी

**सिरसा।** जिला स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता-2025-26 का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। डाइट प्रवक्ता डॉ. विनोद भट्ट ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता में खंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सभी टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रभावशाली ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल सदस्य राजनीति विज्ञान प्रवक्ता जगदीश बराच एवं प्रवक्ता हेमराज कंबोज द्वारा प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं मूल्यांकन के आधार पर बड़ी ही सूझबूझ के साथ प्रतियोगिता का अंतिम परिणाम घोषित किया, जिसमें जिला स्तर पर रानियां खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नथोर की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं नाथूसरी चौपटा खंड से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां द्वितीय एवं डबवाली खंड से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देसुजोधा की टीम तृतीय स्थान पर रही है।

### योग खिलाड़ियों ने हासिल किया दूसरा स्थान

**सिरसा।** योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया से एफिलिएटेड हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में फरीदाबाद में आयोजित सब-जूनियर व जूनियर ग्रुप स्टेट योग प्रतियोगिता में सिरसा जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम ने कुल 12 पोजीशन हासिल कर प्रदेश में ओवरऑल दूसरा स्थान प्राप्त किया और सिरसा जिले का नाम रोशन किया। एसोसिएशन के चेयरमैन भीम झुंथरा, प्रधान देशकमल बिश्नोई और सचिव प्रो. आरसी लिंबा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। सचिव प्रो. लिंबा ने बताया कि रीना (8-10 आयु वर्ग) में द्वितीय स्थान, रशमीत ने चतुर्थ, वशुंधरा ने (12-14 आयु वर्ग) चतुर्थ, कर्मदीप (14-16 आयु वर्ग) में द्वितीय, गुरलीन ने पांचवां, वासुदेव ने तीसरा, विष्णु (14-16 आयु वर्ग) में छठा, सिमरनदीप (16-18 आयु वर्ग) में प्रथम, कान्या नारंग ने द्वितीय, सरीना तृतीय, आरजू चतुर्थ व मनीष (16-18 आयु वर्ग) द्वितीय स्थान पर रहे।

## घाटों पर हजारों की संख्या में लोग उमड़े और छठ मईयां की पूजा की

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। दिल्ली पुल पर बने घाटों पर हजारों की संख्या में लोग उमड़े और छठ मईयां की पूजा की। सुबह की पूजा के बाद सुहागिनों ने अपना व्रत खोला। छठ के अंतिम दिन छठ मैय्या की महाआरती की गई। छठ व्रतियों ने दिल्ली पुल पर बने घाटों पर उगते सूर्य की उपासना की। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हुआ। यह महापर्व बीती 25 अक्टूबर को नहाय खाय से शुरू हुआ था जो मंगलवार को उगते सूरज को ऊषा अर्घ्य के साथ समाप्त हो गया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हो गया। छठ व्रतियों ने अमृत योग में सोना, चांदी, पीतल, एवं बांस के छाजों, जों, ढेकुआ, गुना, कसार, नारियल, अदरक, सेब, संतरा, शरीफा, सूथनी, मूली, गन्ना आदि अनेका फलों से परिपूर्ण सूपों से सूर्य को अर्घ्य दिया। लोगों ने जल में प्रवेश कर सूर्य देवता की आराधना की। सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार में सुख-शांति एवं आरोग्य बनाए रखने की मन्नतें मांगी गई। पूर्वांचल समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्योतों के साथ छठ मईयां की महाआरती की गई है।



सिरसा। छठ पूजा को लेकर पूजा करते हुए श्रद्धालु

## करंट से बंदर घायल, ग्रामीणों ने इलाज के लिए टोहाना पहुंचाया

**टोहाना।** गांव कुलां में हाईटेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से एक बंदर को जोरदार करंट लगा और वह बुरी तरह से घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर गांव धारसूल कलां निवासी गौ रक्षा दल हिसार के जोन अध्यक्ष राजेंद्र काला ने अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल बंदर का रेस्क्यू कर इलाज के लिए टोहाना पहुंचाया। राजेंद्र काला ने बताया कि एक बंदर कुलां में जाखल रोड पर बिजली के पोल पर लगे ट्रांसफार्मर से निकल रहे विद्युत तार में प्रभावित करंट की चपेट में आ गया। करंट का झटका लगने से बंदर जमीन पर जा गिरा और बेहोश हो गया। इसका पता चलने पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। इसकी सूचना मिलने पर गौ रक्षा दल के जोन अध्यक्ष राजेंद्र काला भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से घायल बंदर का रेस्क्यू किया और इसके बाद वह बंदर को अपनी गाड़ी में लेकर टोहाना पहुंचे, जहां पशु क्रूरता निवारण समिति फतेहाबाद के सक्रिय सदस्य नवजोत ढिल्लो के हस्तक्षेप से घायल बंदर को इलाज के लिए पशु उपचार केंद्र में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा बंदर का इलाज किया जा रहा है।







# विभाग पर नकली मोटर व केबल लगाने का आरोप

## सीएम को भेजी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में रही है। अधिकारियों ने अपनी पूर्व की शैली के अनुरूप फिर से नया कारनामा करते हुए, वार्ड नंबर 26 में ट्यूबवैल पर पुरानी सबमर्सिबल मोटर व नकली केबल लगा डाली। जब वार्डवासियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें ही धमकी देकर डराया जा रहा है। वार्डवासी जसबीर सिंह भुल्लरा, मनप्रीत सिंह, ध्यान सिंह मुक्ता, कुलदीप सिंह, रमन सिंह ने बताया कि करीब 2 माह पूर्व वार्ड नंबर 26 में वार्डवासियों को पेयजल किल्लत न हो, इसके लिए नया बोर करवाया गया था। ट्यूबवेल के लिए नई मोटर व कंपनी की केबल लगाने का प्रावधान था, लेकिन अधिकारियों ने यहां सभी नियमों का ताक पर रखते हुए पुरानी मोटर को पेंट कर लगा दिया और केबल भी नकली लगाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली।

## मंडी में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से करवाया अवगत

# नशे से दूरी ही स्वस्थ और सफल जीवन की कुंजी

- नशे के विभिन्न प्रकारों और उनके कानूनी परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा आज अनाज मंडी फतेहाबाद में दो अलग-अलग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं और व्यापारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इसके खिलाफ एकजुट होने का संदेश देना था। नशा मुक्ति टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक सुंदर के कुशल नेतृत्व में आयोजित इन दोनों कार्यक्रमों में पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है बल्कि परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशे से दूर रहना ही स्वस्थ, सफल और सुरक्षित जीवन की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान टीम ने नशे के विभिन्न प्रकारों और उनके कानूनी परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को समझाया गया कि नशे का सेवन करना या इसकी तस्करी करना दोनों ही कानूनन अपराध हैं, जिसके लिए सख्त दंड का प्रावधान है।



फतेहाबाद। अनाज मण्डी में मजदूरों को नशे के दुष्प्रभाव बताते एसआई सुंदर। फोटो : हरिभूमि

### तस्करों के खिलाफ अभियान जारी

टीम ने यह भी बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है और अब तक कई मामलों में बड़ी कार्रवाइयां की गई हैं। पुलिस कर्मियों ने मंडी में मौजूद किसानों, मजदूरों और व्यापारियों को यह भी बताया कि यदि उन्हें किसी के द्वारा नशे की बिक्री या तस्करी की सूचना मिले तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। एसआई सुंदर ने कहा कि नशे के खिलाफ यह जन-जागरूकता अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि समाज को इस बुराई से मुक्त किया जा सके और आने वाली पीढ़ी एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर सके।

## खबर संक्षेप

### डेंगू-मलेरिया के खतरे को लेकर पत्र सौंपा

**सिरसा।** सिरसा शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और जलभराव के कारण गंभीर बीमारियों के खतरे को देखते हुए वार्ड नंबर 6 के पार्षद गोपी राम सैनी ने नगर परिषद चेयरमैन को पत्र सौंपते हुए तत्काल फॉगिंग कराने की मांग की है। पार्षद गोपी राम सैनी ने बताया कि शहर में मच्छरों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिससे स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। मच्छरों की अधिकता के कारण क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है।

### रन फॉर यूनिटी को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**सिरसा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को सिरसा में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा। शहीद भगत सिंह स्टेडियम से सुबह सात बजे शुरू होने वाली 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ में सभी वर्गों की व्यापक स्तर पर भागीदारी होगी और प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लहराते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देंगे। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को ऑल ओवर इंचार्ज एसडीएम राजेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठक करते हुए संबंधित विभागों के साथ विचार विमर्श किया।

### छात्रों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया

**ओढां।** पीएम श्री स्कूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ओढ़ा में प्राचार्य विक्रमजीत सिंह की अध्यक्षता में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की ओर से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों एवम विद्यार्थियो ने भाग लिया। बैंक के वित्तीय सलाहकार सुभाष अरोड़ा ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं साइबर फ्राड के प्रति जागरूक किया।

### स्पोर्ट्स की दुकान में चोरी से हड़कंप

**कालांवाली।** शहर के हुड्डा क्षेत्र में रोहतक बवासीर अस्पताल के पास स्थित आरके स्पोर्ट्स की दुकान से चोर लाखों रुपए के स्पोर्टस कपड़े चोरी करके ले गए। दुकान मालिक को घटना का सुबह पता चला। जिसके बाद दुकान मालिक रोहित कुमार और मोहित कुमार तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी सुनील कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे ओर गहनता से जांच की। दुकान मालिक मोहित कुमार ने बताया कि चोर दुकान से काफी सामान ले गए।

### स्कूल बसों की जांच कर आवश्यक निर्देश दिए

**टोहाना।** ट्रैफिक पुलिस टोहाना द्वारा आज विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक धर्मचंद, ट्रैफिक की अगुवाई में टोहाना क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की स्कूल बसों की गहन जांच की गई। पुलिस टीम ने बसों के दस्तावेज, फिटनेस, स्पीड गवर्नर, सीट बेल्ट, फस्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र और ओवरलोडिंग की स्थिति की बारीकी से जांच की। साथ ही, स्कूल बसों के ड्राइवरों, कंडक्टरों और स्कूल प्रबंधन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

---

## दो दिवसीय बांके बिहारी के संकीर्तन में श्रद्धा का संगम

# शहर में वृंदावन जैसा नजारा उमड़ा जनसैलाब, झूमे श्रद्धालु

- स्वामी राजदास महाराज, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद व ध्यान प्रेमानंद ने प्रवचन फरमाए





**फतेहाबाद।** भजन गायिका मिनाक्षी दीदी को सम्मानित करते मंडल सदस्य व सदस्यों को सम्मानित करते स्वामी ध्यान प्रेमानंद, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गुरु कृपा मंडल द्वारा मनाया जाने वाला वार्षिक महोत्सव इस बार भी बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एमसी कालोनी स्थित श्री लक्ष्मी नारायण धर्मशाला में दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने खूब आनंद उठाया। संकीर्तन का शुभारंभ श्री कृष्ण भगवान के स्वरूप के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस आयोजन में प्रथम दिन भजन गायक ईश मेहता ने अपने भजनों से संगत को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के अगले दिन वृंदावन से पधारी मिनाक्षी दीदी ने एक अलग ही समां बांध दिया। उनके भजनों से ऐसा प्रतीत हुआ मानो वृंदावन में पहुंच गए हों। संकीर्तन की खास बात यह देखी गई कि अनेक संतों ने यहां पहुंचकर अपना आशीर्वाद दिया और प्रवचन किए। गुरु कृपा मंडल के प्रधान टी सीरिज कलाकार भरत टूटेजा ने सभी संतों का स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महेंद्र मदान ने किया।

**वृंदावन से पधारी मीनाक्षी दीदी ने श्री कृष्ण भगवान का आशीर्वाद लिया और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया**

इस संकीर्तन में कैमरी हिसार से स्वामी राजदास महाराज एवं फतेहाबाद से स्वामी ध्यान प्रेमानंद, स्वामी विज्ञान प्रेमानंद और नंगली दरबार के संतों प्रवचन प्रस्तुत किए। इस दौरान संकीर्तन में मुख्य भजन गायिका के तौर पर वृंदावन से पधारी मीनाक्षी दीदी ने संकीर्तन में पहुंचते ही श्री कृष्ण भगवान का आशीर्वाद लिया और गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मिनाक्षी दीदी ने अपने भजनों से माहौल को भक्तिमय करते हुए सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मिनाक्षी दीदी ने अपने भजन 'मैं वृंदावन में जाना है चाहे लोग बोलियां बोले, मैं वृंदावन जाउंगी, सखी वृंदावन जाऊंगी आदि सुंदर-सुंदर भजनों से ही वृंदावन का माहौल बना दिया। इस दौरान स्वामी राजदास जी महाराज ने सतगुरु मैं तेरी पतंग भजन पर सभी नाच उठे। फतेहाबाद विचार आश्रम मंदिर से पहुंचे स्वामी ध्यान प्रेमानंद व स्वामी विज्ञान प्रेमानंद ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की ओर ग्रस्त हो रही है और लेकिन गुरु कृपा मंडल के सभी बच्चे श्री ठाकुर जी से जुड़ रहे हैं जोकि प्रसन्नता की बात है।

**शहर के विभिन्न संगठन जुटे**

इस मौके पर मुख्य अतिथि सविता टूटेजा, डॉ. साहिल धवन, लक्की टूटेजा, अशोक बाघला, राकेश नागपाल, मुकेश नारंग, वीना गिल्होत्रा, ममता तनेजा, नीरू बांगा, ममता मेहता, राधा कृष्ण नारंग, नरेंद्र टुटेजा, आशु ग्रोवर, दीपू ग्रोवर, दीपक सरदाना, दीपक मदान, मंजू चोपड़ा, प्रीति मेहता, संजय कटारिया, दास करण रसिया, राधे आकाश, लख दातार संस्था, श्याम दीवाने परिवार, बांके बिहारी महिला मंडल, लाडली लाल के सेवक, ओम नमः ग्रुप व लक्ष्मी नारायण मंदिर सभा ने सहयोग दिया।

---

# नीट पास करने पर मधु कंवर का किया सम्मान

- सरकारी मेडिकल कॉलेज, कल्लाकुरिची में एमबीबीएस की पढ़ाई करेगी मधु कंवर



**फतेहाबाद।** शांति निकेतन स्कूल में छात्रा मधु को बधाई देते अध्यापिका।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन स्कूल की छात्रा रही मधु कंवर ने नीट की परीक्षा को क्रेक कर सरकारी मेडिकल कॉलेज, कल्लाकुरिची, तमिलनाडु में एमबीबीएस में दाखिला लिया है। इस परीक्षा में पूरे भारत देश से 25 लाख युवाओं ने भाग लिया, जिसमें से छात्रा मधु कंवर ने 29997 रैंक प्राप्त की। आज स्कूल पहुंचने पर मधु कंवर का भव्य स्वागत किया गया और स्कूल प्रबंधकों ने उन्हें सम्मानित भी किया। स्कूल के प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल व डायरेक्टर विजय सिंह बाघेला ने कहा कि स्कूल के लिए गौरव की बात है कि इस स्कूल की छात्रा मधु कंवर सुपुत्री श्री रिपुदमन ने शिक्षा, अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और अपनी मेहनत के बल पर नीट की परीक्षा को क्रेक कर सरकारी मेडिकल कॉलेज, कल्लाकुरिची, तमिलनाडु में एमबीबीएस में दाखिला लिया है। कार्यक्रम में दाखिला से पूर्व छात्रा मधु ने अपने स्कूल में पहुंचकर स्कूल प्रांगण व अपने अध्यापकों को नमन कर उनका धन्यवाद किया और बताया कि उसका डॉक्टर बनने का सपना था जो यहां की मैनेजमेंट टीम व अध्यापकों के उचित मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है। उसने दिन में 13 से 14 घंटे तक पढ़ाई की है, जिसके परिणामस्वरूप आज उसे यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि हमें अपने सपनों को साकार करने के लिए सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाकर अपनी पढ़ाई को अधिक से अधिक समय देना चाहिए। इस अवसर पर छात्रा मधु कंवर के पिता रिपुदमन ने स्कूल की मैनेजमेंट टीम व अध्यापकों का धन्यवाद किया।

### युवक को गोली मारने के मामले में पांचवां आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** गांव रत्ताखेड़ा में युवक को गोली मारने के के मामले में रतिया पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान राजबीर सिंह पुत्र देवीलाल निवासी एमपी सोतर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी से 2 हजार रुपये की नगदी बरामद की गई है। इससे पहले इस मामले में चार आरोपी पहले ही काबू किए जा चुके हैं। डीएसपी रतिया नर सिंह ने बताया कि मामले में पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

---

# नशा तस्करों के खिलाफ मुहिम होगी तेज

- नशे से काल का ग्रास बने युवक के परिवार से मिले एसपी, कार्रवाई का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव मिराना में मृतक युवक के परिवारवालों से मिलते एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने गांव मिराना पहुंचकर नशे की लत के कारण काल का ग्रास बने एक युवा मृतक के परिवार से मुलाकात की और गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और यह भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में पूरी सख्ती बरतेगा ताकि कोई और परिवार इस पीड़ा से न गुजरे। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि अब फतेहाबाद का कोई भी युवा नशे की गिरफ्त में नहीं फंसने दिया जाएगा। पुलिस की मुहिम अब और तेज होगी। हर सप्लायर, हर डीलर और हर एजेंट तक पहुंचकर कानून के शिकंजे में कसा जाएगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, जो भी युवाओं के भविष्य से खेल रहा है, उसके लिए जिले की मिट्टी में अब कोई जगह नहीं। एसपी ने बताया कि जिलेभर में थाना स्तर पर जागरूकता अभियान, स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम, और ड्रग हॉटस्पॉट पर सघन चेकिंग अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं। पुलिस पूरी निगरान रख रही है।

**हौसला बढ़ाया**

गांव मिराना के लोगों ने एसपी का आभार जताया कि उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर न सिर्फ हौसला बढ़ाया बल्कि पूरे गांव को यह संदेश दिया कि समाज को अब मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लडनी होगी। एसपी ने युवाओं से अपील की, अपना जीवन व्यर्थ मत करो। नशा पल भर का धोखा है जो जीवनभर का अंधकार दे जाता है। माता-पिता के सपनों और अपने भविष्य के लिए नशे से दूर रहो, और जो भी व्यक्ति नशे का कारोबार करता दिखे, तुरंत पुलिस को सूचित करो।

---

# धारसूल मार्केट कमेटी के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने ली शपथ

- कार्यक्रम में आढ़तियों, किसानों व अन्य ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



**टोहाना।** कार्यभार संभालते धारसूल मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन।

धारसूल मार्केट कमेटी के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन का शपथ ग्रहण समारोह धारसूल किसान रेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा शामिल हुए। इसके साथ ही इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जयदीप बराला व पूर्व जिला अध्यक्ष बलदेव ग्रोहा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आढ़तियों, किसानों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राममेहर ने चेयरमैन और लाला हेमराज गोयल ने वाइस चेयरमैन पद की शपथ ग्रहण की और पदभार संभाला। बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि मार्केट कमेटी किसानों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए पदाधिकारी किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए मंडी क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

---

# धान की खरीद के साथ उठान कार्य में भी लाएं तेजी: एसडीएम



**सिरसा।** मंडी में धान खरीद का निरीक्षण करते एसडीएम।

**डबवाली।** एसडीएम अर्पित संगल ने कहा कि धान खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से हो ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इसके साथ ही खरीद के साथ ही धान की फसल उठान का कार्य भी तेजी से हो। एसडीएम ने मंगलवार को अबूबशहर व लोहगढ अनाज मंडी का निरीक्षण किया और धान खरीद प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण से पहले उन्होंने अपने कार्यालय में खरीद एजेंसियों व ट्रांसपोर्टर के साथ बैठक भी की। एसडीएम अर्पित संगल ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि धान खरीद के साथ-साथ उसका उठान (लिफ्टिंग) भी समय पर हो। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# इंजीनियरिंग कॉलेज में मैटलैब सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सिमुलिंक टूल पर चर्चा की गई

- फजी लॉजिक, न्यूरल नेटवर्क, वेवलेट की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां



**सिरसा।** इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में डॉ लिनी व विवेक चर्चा करते हुए।

चौधरी देवी लाल राज्य अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान पन्नीवाला मोटा में आयोजित एवं वित्तपोषित एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम मैटलैब और सिमुलिंक प्रोग्रामिंग के दूसरे दिन के सत्रों में विशेषज्ञ विवेक अहलावत ने मैटलैब सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सिमुलिंक टूल के उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों को विद्युत अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी और यांत्रिक अभियांत्रिकी में उपयोगी विभिन्न सर्किटों को डिज़ाइन करने हेतु विभिन्न सिमुलिंक टूल के उपयोग का अभ्यास कराया। विवेक ने मैटलैब प्रोग्रामिंग के लिए उपयुक्त सिमुलेशन के विभिन्न उपकरणों जैसे फज़ी लॉजिक, न्यूरल नेटवर्क, वेवलेट, इलेक्ट्रिकल सर्किट, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट, डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग, डिजिटल सिग्नल प्रोसेसिंग आदि पर चर्चा की। दूसरे सत्र में एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ की प्रोफेसर और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लिनी मैथ्यू ने भी मार्गदर्शन किया।

---



**फतेहाबाद।** वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाते ट्रैफिक पुलिस कर्मचारी।

### ट्रैफिक पुलिस की पहल, वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**फतेहाबाद।** सडक़ सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान के तहत ट्रैफिक पुलिस फतेहाबाद द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने की मुहिम चलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य रात के समय सडक़ हादसों को रोकना और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। थाना ट्रैफिक प्रभारी उपनिरीक्षक जय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहिया, तिपहिया और भारी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। टीम ने वाहन चालकों को बताया कि रिफ्लेक्टर लगाने से रात के समय सडक़ पर चलने वाले वाहन दूर से ही दिखाई देते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। ट्रैफिक प्रभारी जय सिंह ने कहा कि सडक़ सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अगर हम यातायात नियमों का पालन करेंगे, तो न केवल अपनी बल्कि दूसरों की जान भी बचा सकेंगे। उन्होंने वाहन चालकों को सलाह दी कि वे हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें, वाहन की गति सीमा का पालन करने का आह्वान किया।

---

# बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया

- राष्ट्रीय एकता दिवस पर सतलुज स्कूल पर पहुंचे पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

राष्ट्रीय एकता दिवस पर भट्टू कलां पुलिस द्वारा सतलुज स्कूल में एक विशेष असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को राष्ट्रीय एकता, नशा मुक्ति और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें समझाया कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। पुलिस कर्मियों ने बच्चों को बताया कि नशे से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन प्रभावित होता है, इसलिए नशे से दूरी बनाए रखना आवश्यक है। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, अनजान लिंक या कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सलाह दी गई। बच्चों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लिया और अनेक सवाल पूछे जिनका पुलिस अधिकारियों ने सहजता से जवाब दिया। विद्यालय प्रबंधन ने भट्टू कलां पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में सुरक्षा और नैतिक मूल्यों की समझ को और मजबूत करते हैं। थाना प्रभारी राधेश्याम ने कहा कि पुलिस द्वारा ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर जारी रहेंगे।

---

## नागपुर ब्लॉक के गांव में प्रशासन के रात्रि ठहराव में योजनाओं की जानकारी दी

# डीसी व एसपी ने नुरकी अहली में ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

- 18 लाख रुपये की लागत से बने भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** गांव नूरकी अहली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन का उद्घाटन करते डीसी व एसपी।

जिला प्रशासन द्वारा नागपुर ब्लॉक के गांव नुरकी अहली में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीसी डॉ. विवेक भारती व एसपी सिद्धांत जैन स्वयं गांव पहुंचे और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। डीसी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। गांव में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने 18 लाख रुपये की राशि से निर्मित गांव नूरकी अहली के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने महिला संस्कृति केंद्र का भी अवलोकन किया और वहां आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। गांव पहुंचने पर सरपंच व ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत और सम्मान किया।

इस मौके पर ग्रामीणों ने उपायुक्त को गांव के विकास के लिए कुछ मांगे रखी जिस पर उपायुक्त ने निमयानुसार कार्यवाही करवाने का आश्वासन दिया।रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाए गए, जिनमें समाज कल्याण, शिक्षा विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास, जल जीवन मिशन, ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला स्वयं सहायता समूह प्रमुख रहे। डीसी ने सभी विभागों की सरकार की जनहितकारी नीतियों को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आमजन को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

**एडीसी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे**

इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, जिला खेल अधिकारी विष्णुदास, डीईओ संगीता बिश्नोई, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, बीडीपीओ विकास लांग्यान, सरपंच बिमला रानी कंबोज तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।